## एक नजर में

### टूटे हुए चावल की होगी ई- नीलामी

**भोपाल.** भारत सरकार के निर्देशानुसार भारतीय खाद्य निगम द्वारा 2025-26 के दौरान खुला बाज़ार बिक्री योजना (घरेलू) के अंतर्गत टूटे हुए चावल को ई-नीलामी के माध्यम से पंजाब, हरियाणा एंव आंध्र प्रदेश में बेचा जा रहा है. इस संबंध में निगम की ओर से सूचित किया गया है कि किसी भी राज्य या क्षेत्र का कोई भी बोलीदाता पंजाब, हरियाणा और आंध्र प्रदेश में आयोजित होने वाली ई-नीलामी में भाग लेकर टूटे चावल की खरीद कर सकता है.

### कफ सिरप मामले में बढ़ सकते हैं आरोपी

**छिंदवाड़ा.** जिले के चर्चित कफ सिरप कांड में मेडिकल विशेषज्ञों की अंतिम रिपोर्ट आने के बाद आरोपियों की संख्या बढ़ने की संभावना जताई जा रही है. हाल ही में प्राप्त विसरा रिपोर्ट में कोल्डरिप कफ सिरप के सैंपल में जहरीले रसायन डीईजी (डायएथिलीन ग्लाइकोल) पाए जाने की पुष्टि हुई है, जिसके बाद जांच एजेंसियां और अधिक सक्रिय हो गई हैं. प्रारंभिक जांच में जिन लोगों की भूमिका सामने आई थी, उनके अलावा अब निर्माण, सप्लाई और वितरण श्रृंखला से जुड़े अन्य व्यक्तियों की जिम्मेदारी भी तय की जा सकती है. मेडिकल बोर्ड की विस्तृत रिपोर्ट में लापरवाही या मिलावट की पुष्टि होती है, तो संबंधितों पर सख्त कार्रवाई होगी. रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण में धाराएं बढ़ाई जा सकती हैं.

# लॉरेंस गैंग के नाम पर बिल्डर से 10 करोड़ रुपए मांगे

**अशोकनगर, 12 फरवरी. जिले के एक बिल्डर और कारोबारी को कथित तौर पर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर धमकी मिली है. कारोबारी से 10 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई है. धमकाने वाले व्यक्ति ने खुद को गैंग का सदस्य हरि बॉक्सर बताया.**

व्हाट्सएप वॉयस नोट के जरिए उसने कहा कि हमने एक बार जिसे फोन कर दिया उसे बगैर पैसे लिए नहीं छोड़ा. उसे मारा है या पैसे लिए हैं. तेरी हर एक डिटेल मेरे पास है. कोई गलतफहमी मत पालना. पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस और साइबर सेल ने मामले की जांच शुरू कर दी है. कारोबारी के मुताबिक उन्हें तीन अलग अलग इंटरनेशनल नंबरों से व्हाट्सएप कॉल और मैसेज मिले. फोन नहीं उठाने पर वॉयस नोट भेजे गए.

कारोबारी ने पूरे मामले की लिखित शिकायत पुलिस थाने में दी. आवेदन में उन्होंने कॉल आने वाले तीनों नंबरों का जिक्र किया है. पुलिस ने शिकायत मिलते ही साइबर सेल की मदद ली है. कॉल करने और वालों की लोकेशन और इस्तेमाल किए गए नेटवर्क का पता लगाया जा रहा है. मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधकिारी भी नरज रखे हुए हैं.

# मध्यप्रदेश में फिर बदला मौसम, दिन के तापमान में गिरावट

## अगले पांच दिनों में दो नए सिस्टम सक्रिय, बारिश की संभावना नहीं

**1.7 से 2.7 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा तापमान**

**24 घंटों के दौरान संभागों में मौसम शुष्क रहा**



**भोपाल,12 फरवरी. मध्य प्रदेश में एक बार फिर मौसम ने करवट ली है. पश्चिमी विक्षोभ और ट्रफ लाइन के प्रभाव से राजधानी भोपाल सहित कई जिलों में बादल छाए रहे, जिससे दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई. बादलों के कारण धूप का असर कम रहा और वातावरण में हल्की ठंडक बनी रही. हालांकि मौसम विभाग ने फिलहाल बारिश की संभावना से इनकार किया है.**

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, अगले पांच दिनों के भीतर पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में दो नए पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होंगे. पहला सिस्टम 13 फरवरी से और दूसरा 16 फरवरी से प्रभावी हो सकता है. इनका सीधा असर प्रदेश में वर्षा के रूप में नहीं दिखेगा, लेकिन आंशिक बादल छाए रहने और तापमान में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रह सकती है. पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा. अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ, लेकिन भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, चंबल, रीवा, जबलपुर और सागर संभागों में यह सामान्य से 1.7 से 2.7 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया. शेष संभागों में तापमान सामान्य स्तर पर रहा. न्यूनतम तापमान में भी खास बदलाव नहीं हुआ. इंदौर, नर्मदापुरम, ग्वालियर और सागर संभागों में यह सामान्य से 1.9 से 2.4 डिग्री अधिक रहा.

# पटवारी ने मप्र की टोल वसूली व्यवस्था पर साधा निशाना

विशेष संवाददाता

**भोपाल,12 फरवरी. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश की भाजपा सरकार और केंद्र सरकार पर टोल वसूली व्यवस्था को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने कहा कि प्रदेश में टोल अब उपयोगकर्ता शुल्क नहीं रह गया है, बल्कि यह 'संगठित जन-शोषण' और निजी कंपनियों को संरक्षित मुनाफा देने का माध्यम बन गया है.**




पटवारी ने आरोप लगाया कि प्रदेश की कई टोल परियोजनाओं में मूल लागत और निर्धारित लाभांश वर्षों पहले ही वसूल हो चुका है, इसके बावजूद टोल वसूली जारी है. उन्होंने यह भी कहा कि कई टोल प्लाजाओं को बिना पारदर्शी री-टेंडरिंग या ओपन बिडिंग प्रक्रिया के आउटसोर्स कर दिया गया है, जिसमें सरकार को मात्र 30 प्रतिशत राजस्व मिलता है, जबकि 70 प्रतिशत निजी संचालकों को चला जाता है.

### टोल वसूली अनुबंध अवधि और शर्तों तक ही सीमित हो

राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दर निर्धारण एवं संग्रह) नियम, 2008 का हवाला देते हुए पटवारी ने कहा कि टोल वसूली अनुबंध अवधि और शर्तों तक ही सीमित होनी चाहिए. बीओटी (बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर) मॉडल के तहत लागत वसूली के बाद संचालन अधिकार सरकार को वापस मिलना चाहिए. उन्होंने सभी टोल अनुबंधों का स्वतंत्र वित्तीय ऑडिट कराने, राज्य स्तर पर श्वेत पत्र जारी करने, सभी अनुबंध सार्वजनिक करने और जिन परियोजनाओं की लागत वसूल हो चुकी है उन्हें तत्काल टोल मुक्त घोषित करने की मांग की.

# पटवारी रंगे हाथों रिश्वत लेते गिरफ्तार

**सिवनी.** मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने एक पटवारी को 6 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. लोकायुक्त जबलपुर की पुलिस अधीक्षक अंजुलता पटले ने बताया कि आवेदक भगतराम खरे, निवासी बोरीखुर्द तहसील बरघाट जिला सिवनी ने शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायत में बताया गया था कि जमीन के सीमांकन के मामले में कार्रवाई के लिए पटवारी रिश्वत की मांग कर रहा है. शिकायत का सत्यापन करने के बाद लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने गुरुवार को आरोपी पटवारी महेंद्र बिसेन को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया.

# भोपाल से उज्जैन के लिए मेला स्पेशल ट्रेन

**भोपाल, 12 फरवरी. रेलवे प्रशासन ने मेला अवधि के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उज्जैन के लिए संत हिरदाराम नगर से दो जोड़ी तथा भोपाल से एक जोड़ी अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है. सभी स्पेशल ट्रेनें 12 कोच की होंगी.**



पहली जोड़ी में गाड़ी संख्या 09305 उज्जैन-संत हिरदाराम नगर स्पेशल 13 फरवरी से 22 फरवरी 2026 तक प्रतिदिन सुबह 9 बजे उज्जैन से प्रस्थान कर दोपहर 1:30 बजे संत हिरदाराम नगर पहुंचेगी. वापसी में 09306 संत हिरदाराम नगर-उज्जैन 2:30 बजे रवाना होकर शाम 7:30 बजे उज्जैन पहुंचेगी.

दूसरी जोड़ी में 09313 उज्जैन-संत हिरदाराम नगर स्पेशल प्रतिदिन शाम 4 बजे रवाना होकर रात 9:40 बजे पहुंचेगी. वहीं 09314 संत हिरदाराम नगर-उज्जैन स्पेशल रात 10:30 बजे चलकर अगले दिन रात 2 बजे उज्जैन पहुंचेगी.

तीसरी जोड़ी में 09307 उज्जैन-भोपाल स्पेशल रात 9 बजे उज्जैन से चलकर अगले दिन 1:48 बजे संत हिरदाराम नगर और 2:10 बजे भोपाल पहुंचेगी.

### करहिया भाडेली स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव की सुविधा

रेल प्रसाशन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के दो ट्रेनों भोपाल-इटारसी-भोपाल एक्सप्रेस का दिनांक 14.02.2026 से पथरिया एवं भोपाल-बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस का दिनांक 13.02.2026 से करहिया भाडेली स्टेशन पर दोनों दिशाओं में 02 मिनट का अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है. यह अतिरिक्त ठहराव उक्त तिथि से अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा.

# नए लेबर लॉ के विरोध में प्रदेशभर में प्रदर्शन

**कई शहरों में हड़ताल का असर**

**भोपाल, 12 फरवरी. नए श्रम कानूनों समेत विभिन्न मांगों को लेकर केंद्रीय श्रमिक संगठनों के आह्वान पर गुरुवार को मध्यप्रदेश के कई शहरों में कर्मचारियों ने हड़ताल और प्रदर्शन किए. भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, कटनी, इटारसी, उज्जैन, रतलाम, हरदा, मंदसौर, भिंड और खरगोन सहित अनेक जिलों में धरना-प्रदर्शन आयोजित किए गए.**

संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा के बैनर तले आईएनटीयूसी, एआईटीयूसी, एचएमएस, सीटू, एआईयूटीयूसी, सेवा, बैंक, बीमा, केंद्रीय कर्मचारी संगठनों तथा बीएसएनएल व डाक विभाग के कर्मचारियों ने भागीदारी की. भारतीय जीवन बीमा निगम के कर्मचारी भी हड़ताल में शामिल रहे. मध्यप्रदेश बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन के अनुसार सरकारी के साथ कुछ निजी बैंक कर्मियों ने भी समर्थन दिया, हालांकि स्टेट बैंक की सेवाएं सामान्य रहीं.




जबलपुर, कटनी और इटारसी की डिफेंस फैक्टरियों के बाहर कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया. इटारसी में ऑर्डनेंस फैक्टरी के कर्मचारियों ने एक घंटे काम का बहिष्कार कर विरोध दर्ज कराया. जबलपुर में आयुध निर्माणी खमरिया सहित अन्य इकाइयों में प्रदर्शन हुए. भोपाल में पंजाब नेशनल बैंक के सामने कर्मचारियों ने नारेबाजी की, जबकि इंदौर में आशा, उषा और परिवेशक कर्मचारियों ने गांधी हॉल परिसर में धरना दिया. ग्वालियर में लक्ष्मीबाई समाधि स्थल के सामने धरना प्रदर्शन हुआ. उज्जैन के टावर चौक पर सीटू के नेतृत्व में रैली निकाली गई. इसी तरह की सूचनाएं विभिन्न हिस्सों से आयी हैं.

# राजगढ़-नीमच में 21.97 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ जब्त

**एमडी ड्रग्स व अफीम की खेती पर कार्रवाई**

**भोपाल, 12 फरवरी.** मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रदेश में मादक पदार्थों के अवैध निर्माण, तस्करी और अवैध खेती के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए राजगढ़ और नीमच जिलों में कुल 21 करोड़ 97 लाख रुपए से अधिक के मादक पदार्थ जब्त किए हैं. इन कार्रवाइयों में एमडी ड्रग्स और अवैध रूप से उगाए गए अफीम के हरे पौधे बरामद किए गए.

नीमच जिले में पुलिस चौकी जाट को 11 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम लुहारिया जाट में कपास की फसल की आड़ में अवैध अफीम की खेती की जा रही है. सूचना की पुष्टि तकनीकी साधनों और ड्रोन सर्चिंग के माध्यम से की गई.

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से 11 हजार 600 नग हरे अफीम पौधे, जिनका कुल वजन



9 क्विंटल 76 किलोग्राम है, जब्त किए. इनकी अनुमानित कीमत लगभग 97 लाख 60 हजार रुपए बताई गई है.

### पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

राजगढ़ जिले में दो अलग-अलग कार्रवाइयों में पुलिस ने 21.510 किलोग्राम एमडी ड्रग्स जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया. थाना माचलपुर पुलिस ने 11 फरवरी को ग्राम माणा के पास से एक आरोपी को पकड़ा. पूछताछ में आरोपी ने ग्राम अरनिया स्थित अपने घर में एमडी ड्रग्स छिपाकर रखने की जानकारी दी. घर की तलाशी में किचन में रखे कार्टून से 10.160 किलोग्राम एमडी ड्रग्स, जिसकी कीमत लगभग 10 करोड़ रुपए आंकी गई, बरामद की गई. आरोपी की निशानदेही पर सहआरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई. उसके द्वारा खेत में छिपाकर रखे गए मादक पदार्थ की जानकारी देने पर पुलिस ने सरसों के खेत से हरे रंग के कार्टून में रखी 11.350 किलोग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की.

# वन अधिकार समितियों का 26 हजार गांवों में प्रशिक्षण शुरू

**भोपाल, 12 फरवरी. वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदेश में विभिन्न स्तरों पर प्रशासनिक अधिकारियों के प्रशिक्षण सत्रों की शुरुआत की गई है. प्रथम चरण में 21 जिला मुख्यालयों पर उपखंड स्तरीय वन अधिकार समितियों के शासकीय एवं अशासकीय सदस्यों सहित जिला स्तर पर नामांकित मास्टर ट्रेनर्स के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं.**

प्रदेश में सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के लिए 26 हजार से अधिक गांवों को चिन्हित किया गया है. इन अधिकारों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पिछले वर्ष से अभियान संचालित किया जा रहा है, जो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में चल रहा है. उपखंड स्तरीय समितियों को वन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के साथ विशेष रूप से सामुदायिक वन संसाधन अधिकारों के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है.

टास्क फोर्स के विशेषज्ञों की सहायता से राज्य स्तर पर 35 राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स की टीम तैयार की है. यह टीम अनुसूचित क्षेत्र के 20 जिलों की उपखंड स्तरीय समितियों के 828 सदस्यों को प्रशिक्षित करेगी. साथ ही जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का भी प्रशिक्षण किया जा रहा है, जो ग्राम स्तर की वन अधिकार समितियों को प्रशिक्षित करेंगे. यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्थान अभियान' के अंतर्गत संचालित किए जा रहे हैं.जनजातीय कार्य विभाग द्वारा समितियों के शासकीय सदस्यों, जिनमें अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुविभागीय अधिकारी (वन), जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं समिति में नामांकित जनपद पंचायत सदस्य शामिल हैं, को सामुदायिक वन संसाधन दावों की तैयारी, निराकरण और मान्यता प्रदान करने की प्रक्रिया पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया.

**तेवर** | कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

# बजट सत्र से पहले 3 मंत्रियों को बर्खास्त करने की मांग

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 12 फरवरी. मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य विधानसभा के आगामी बजट सत्र से पहले मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखकर राज्य के तीन मंत्रियों को बर्खास्त करने की मांग की है.**

**पटवारी ने लिखा है कि बजट सत्र 16 फरवरी से प्रारंभ होना प्रस्तावित है. उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक मर्यादाओं और प्रशासनिक नैतिकता से भटक गई है.**

पटवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश



एक लोकतांत्रिक रूप से संचालित राज्य है, जहां शासन की प्रत्येक इकाई से संवैधानिक सिद्धांतों के पालन की अपेक्षा की जाती है. उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार का कार्यकलाप जनभावनाओं के विपरीत प्रतीत हो रहा है और इससे अहंकार एवं अधिनायकवादी प्रवृत्तियों को बढ़ावा मिल रहा है.

सत्र की शुरुआत में प्रस्तावित राज्यपाल के अभिभाषण का उल्लेख करते हुए पटवारी ने दावा किया कि इसमें जमीनी हकीकत के बजाय बढ़ा-चढ़ाकर आंकड़े प्रस्तुत किए जा सकते हैं.

पटवारी ने कहा कि राज्य के तीन मंत्रियों को अभिभाषण के दौरान मौजूद नहीं रहना चाहिए.. उन्होंने विजय शाह पर महिला एवं भारतीय सेना के अपमान के आरोपों का हवाला दिया. साथ ही स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल के कार्यकाल में छिंदवाड़ा में जहरीली सिरप से कई बच्चों की मौत का मुद्दा उठाया. नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पर अपने क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में विफल रहने का आरोप भी लगाया.

पटवारी ने कहा कि इन विवादों के बावजूद मंत्रियों का पद पर बने रहना दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है. उन्होंने मुख्यमंत्री से राज्यपाल के अभिभाषण से पूर्व इन मंत्रियों को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो इससे सरकार की नैतिक जवाबदेही और जनभावनाओं के प्रति प्रतिबद्धता पर गंभीर सवाल खड़े होंगे.


## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

**(जनकार्य विभाग)**

ई-मेल: jankarya.vibhag2023@gmail.com, फोन : 7440440233

**निविदा विज्ञप्ति क्र.:** 120/सिविल/25-26/ग्रुप नं-01 से ग्रुप नं-15 तक

**निविदा आमंत्रण**

**दिनांक:** 10.02.2026

केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Road & Bridge SOR, DATE 08-11-2025/NON SOR/ BUILDING SOR DATE-02-08-2021 पर आधारित) ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | टेंडर क्र. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_481264_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को दृष्टिगत रखते हुए झोन क्र. 21 वार्ड क्र. 79 के अन्तर्गत विभिन्न शासकीय विद्यालयों में आवश्यक रिपेरिंग, पुताई व अन्य आवश्यक कार्य करना। | 180 दिवस ₹21,91,100/- | ₹5,000/- ₹16,500/- | 10-03-2026 6.00 PM 12-03-2026 |
| 02 | 2026_UAD_481265_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को दृष्टिगत रखते हुए झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 61 के अन्तर्गत रहवासी क्षेत्र की कॉलोनी, जबरन कॉलोनी, पागनीसपागा, मरीमाता का बगीचा, बैराठी कॉलोनी गली नं. 01 एवं मिक्स एरिया रेसिडेंशियल कमर्शियल एरियों में आवश्यक सौंदर्यीकरण एवं सिविल कार्य करना। | 180 दिवस ₹23,30,443/- | ₹5,000/- ₹17,500/- | 10-03-2026 6.00 PM 12-03-2026 |
| 03 | 2026_UAD_481268_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को दृष्टिगत रखते हुए झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 66 के अन्तर्गत रहवासी क्षेत्र की समस्त कॉलोनी पलसीकर कॉलोनी, गुरुनानक कॉलोनी, प्रताप नगर, वासुदेव नगर, गोपाल बाग, राजमहल कॉलोनी एवं मिक्स एरिया (रेसीडेंशियल/कमर्शियल) में आवश्यक सौंदर्यीकरण एवं सिविल कार्य करना। | 180 दिवस ₹23,04,978/- | ₹5,000/- ₹17,300/- | 10-03-2026 6.00 PM 12-03-2026 |
| 04 | 2026_UAD_481270_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को दृष्टिगत रखते हुए झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 62 के अन्तर्गत रहवासी क्षेत्र गाड़ी अड्डा, जूनी इन्दौर, सर्वदेव नगर, पंचशील नगर, मुराई मोहल्ला एवं व्यवसायिक क्षेत्र श्रृद्धानंद मार्ग छावनी चौराहा से नसिया गुजराती कॉलेज तक, मालीपुरा, गाड़ी अड्डा चौराहा एवं मिक्स एरिया में आवश्यक सिविल कार्य करना। | 180 दिवस ₹26,24,185/- | ₹5,000/- ₹19,700/- | 10-03-2026 6.00 PM 12-03-2026 |
| 05 | 2026_UAD_481271_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को दृष्टिगत रखते हुए झोन क्र. 10 वार्ड क्र 39 के अन्तर्गत सूची बद्ध रहवासी क्षेत्र, व्यवसायिक क्षेत्र तथा मिक्स एरिया में आवश्यक सिविल कार्य करना। | 180 दिवस ₹26,36,570/- | ₹5,000/- ₹19,800/- | 10-03-2026 6.00 PM 12-03-2026 |
| 06 | 2026_UAD_481272_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26, सिटी प्रोफाईल के अन्तर्गत झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 46 में फुटपाथ रिपेयरिंग, रंगाई पुताई, स्ट्रार्म वॉटर के चेम्बर एवं कॉलर ढक्कन का संधारण व आवश्यक सिविल कार्य करना। | 120 दिवस ₹13,61,315/- | ₹2,000/- ₹10,300/- | 10-03-2026 6.00 PM 12-03-2026 |
| 07 | 2026_UAD_481273_1 | झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 45 के अन्तर्गत मेन रोड एवं कॉलोनियों में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अन्तर्गत आवश्यक सिविल कार्य करना। | 180 दिवस ₹20,73,512/- | ₹5,000/- ₹15,600/- | 10-03-2026 6.00 PM 12-03-2026 |
| 08 | 2026_UAD_481275_1 | झोन क्र. 06 वार्ड क्र. 24 के अन्तर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26, सेवन स्टार रेटिंग सर्वे हेतु सिटी प्रोफाईल अनुसार चिन्हित स्थानों पर रिपेयरिंग, पेव्हर ब्लॉक रिफिक्सिंग एवं आवश्यक सिविल कार्य करना। | 120 दिवस ₹11,95,253/- | ₹2,000/- ₹9,000/- | 10-03-2026 6.00 PM 12-03-2026 |
| 09 | 2026_UAD_481276_1 | झोन क्र. 06 वार्ड क्र. 25 के अन्तर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26, सेवन स्टार रेटिंग सर्वे हेतु सिटी प्रोफाईल अनुसार चिन्हित स्थानों पर रिपेयरिंग, पेव्हर ब्लॉक रिफिक्सिंग एवं आवश्यक सिविल कार्य करना। | 120 दिवस ₹13,07,421/- | ₹2,000/- ₹9,900/- | 10-03-2026 6.00 PM 12-03-2026 |
| 10 | 2026_UAD_481277_1 | झोन क्र. 06 वार्ड क्र. 22 के अन्तर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26, सेवन स्टार रेटिंग सर्वे हेतु सिटी प्रोफाईल अनुसार चिन्हित स्थानों पर रिपेयरिंग, पेव्हर ब्लॉक रिफिक्सिंग एवं आवश्यक सिविल कार्य करना। | 120 दिवस ₹12,94,014/- | ₹2,000/- ₹9,800/- | 10-03-2026 6.00 PM 12-03-2026 |
| 11 | 2026_UAD_481280_1 | झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 54 के अन्तर्गत न्यू इंद्रा एकता नगर में म.नं. 01 से म.नं. 363 तक सीमेन्ट कांक्रीट सड़क का निर्माण करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹32,03,604/- | ₹5,000/- ₹24,100/- | 10-03-2026 6.00 PM 12-03-2026 |
| 12 | 2026_UAD_481282_1 | झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 01 के अन्तर्गत सहयोग नगर में सर्वेश खटिक जी वाली गली में रोड का सिमेन्टीकरण करना। (पार्षद निधि) (द्वितीय आमंत्रण) | 120 दिवस ₹17,81,016/- | ₹2,000/- ₹13,400/- | 10-03-2026 6.00 PM 12-03-2026 |
| 13 | 2026_UAD_481283_1 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 43 के अन्तर्गत न्यू पलासिया प्रोटीन वाली गली, रुपातन गार्डन वाली गली, ओम शांति भवन वाली गली में क्षतिग्रस्त सड़क के स्थान पर नवीन सड़क का सीमेन्ट कांक्रीट का कार्य करना। (पार्षद निधि) (द्वितीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹32,89,186/- | ₹5,000/- ₹24,700/- | 10-03-2026 6.00 PM 12-03-2026 |
| 14 | 2026_UAD_481285_1 | झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 26 के अन्तर्गत शासकीय कन्या मा. विद्यालय नेहरु नगर गली नं. 09 में आवश्यक सिविल संधारण कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹25,62,831/- | ₹5,000/- ₹19,300/- | 10-03-2026 6.00 PM 12-03-2026 |
| 15 | 2026_UAD_481287_1 | मेयर प्रायोरिटी सेल के अन्तर्गत झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 13 में लक्ष्मीपुरी राम मंदिर के पास वाले मार्ग का चौड़ीकरण एवं सीमेन्ट कांक्रीट महापौर निधि से करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹30,85,729/- | ₹5,000/- ₹23,200/- | 10-03-2026 6.00 PM 12-03-2026 |

**नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।**

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

**कार्यपालन यंत्री**
**(जनकार्य विभाग)**
**नगर पालिक निगम, इन्दौर**